लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 393

18 दिसंबर, 2017 को उत्तर के लिए

सरकारी-क्षेत्र के इस्पात उपक्रम

393. श्री प्रहलाद सिंह पटेल:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इस्पात क्षेत्र में मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन कार्य कर रहे सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों का मध्य प्रदेश सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में इस्पात के कुल उत्पादन में सरकारी क्षेत्र की कम्पनियों का कितना प्रतिशत योगदान है;

(ग) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के आयात और निर्यात का ब्यौरा क्या है;

(घ) कार्पोरेट सामाजिक दायित्व के अन्तर्गत उपयोग किए जा रहे सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के लाभों के प्रतिशत का विशेषकर मध्य प्रदेश राज्य में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा देश की इस्पात आवश्यकता पूरा करने के लिए इस्पात क्षेत्र में पीएसयू के इस्पात उत्पादन को बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री विष्णु देव साय)**

(क): इस्पात मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन दो इस्पात विनिर्माण सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम नामशः स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) है।

राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरे निम्नवत् है:

राज्य/केन्द्रशासित प्रदेशों के नाम	इकाई का नाम
स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल)	
छत्तीसगढ़	भिलाई स्टील प्लांट
पश्चिम बंगाल	दुर्गापुर स्टील प्लांट
	इस्को स्टील प्लांट, बर्नपुर
	अलॉय स्टील प्लांट, दुर्गापुर
ओडिशा	राउरकेला स्टील प्लांट
झारखंड	बोकारो स्टील प्लांट
तमिलनाडु	सेलम स्टील प्लांट
कर्नाटक	विश्वेश्वरैया आयरन एंड स्टील प्लांट
राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल)	
आरआईएनएल, विशाखापट्टनम इस्पात संयंत्र की कॉरपोरेट कंपनी आंध्रप्रदेश राज्य में स्थित है।	

(ख): देश में कुल क्रूड इस्पात उत्पादन में सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनियों का शेयर लगभग 19% है।

(ग): विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान सेल और आरआईएनएल द्वारा किए गए आयात और निर्यात का विवरण निम्नवत् है:-

(हजार टन में)

पीएसयू का नाम	आयात				निर्यात			
	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18 (नवंबर. 17 तक)	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18 (नवंबर. 17 तक)
सेल	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	492.6	219.8	672.8	388.7
आरआईएनएल	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	223	525	413	325

(घ): सीपीएसई द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत् निधियों का आवंटन राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार नहीं किया जाता है।

(ङ): इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है और सरकार की भूमिका एक सुविधा प्रदाता की होती है। इस्पात के उत्पादन के संबंध में निर्णय व्यक्तिगत उत्पादकों द्वारा विशेषीकृत वाणिज्यिक और वित्तीय गुणवत्ता के आधार पर लिए जाते हैं। सेल और आरआईएनएल ने अपने इस्पात संयंत्रों के आधुनिकीकरण एवं विस्तार का आरंभ स्वयं द्वारा वित्त-पोषित संसाधनों से किया।

*****